तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# रतन भूमि

रायपुर, रविवार 17 दिसंबर 2023



12 गुरु घासीदास जंयती पर निकाली सतनाम...





13 पीएम और सीएम विकसित भारत संकल्प...







हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023

मास्टर कूपन 17 दिसम्बर 2023

कूपन नं. 8


# वनांचल में ठंड का कहर, सुबह-शाम कोहरे की चादर, 5 डिग्री सेल्सियस लुढ़का रात का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र में मौसम साफ होते ही ठंड की कहर देखने को मिल रहा है। रात का पारा 05 डिग्री लुढक गया।

सुबह से घने कोहरे के चलते क्षेत्र में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। सुबह 09 बजे के बाद गुनगुनी धुप नजर आई और दिनभर कड़ाके की ठंड के चलते लोग गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे हैं। शाम होते ही नगर सहित क्षेत्र में सन्नाटा पसर जा रहा है। वनांचल मैनपुर क्षेत्र मे मौसम के साफ होते ही ठंड ने दस्तक दे दी है और सुबह और शाम को ठंड ठिठुरन पैदा करने लगी है। शाम और सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अलाव जलाकर आग सेंकते आसानी से देखा जा सकता है। बदली और मौसम खराबी के चलते ठंड गायब हो गई थी लेकिन अब मौसम के साफ हो जाने से मैनपुर क्षेत्र में ठंड ने दस्तक दी है। ठंड के चलते लोग सुबह और शाम जॉकेट, स्वेटर, गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे है तो रात के समय ठंड बढ़ने से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के चौक–चौराहों में लोगों को लकड़ी का अलाव जलाकर तापते देखा जा रहा है।

## मैनपुर अंचल में आसमान साफ होते ही मौसम ने दिखाया असर

### तापमान में भारी गिरावट

मैनपुर वनांचल क्षेत्र चारों तरफ पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है। पहाड़ी इलाकों में सुबह 11 बजे तक कोहरे ही कोहरे नजर आ रहे हैं, तो शाम होते ही ठंड में कोहरे से मनोरम दृश्य देखने लायक बन रहा है। ठंडी हवा चलने से ठिठुरन बढ़ गई और लोगों की दिनचर्या में बदलाव आ गया है।





### गर्म कपड़ों की मांग बढ़ी

मोटरसाइकल में सफर करने वाले लोग सुबह और शाम रात को सफर करने से बच रहे हैं तो नगर में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। एकाएक ठंड बढ़ने से इसका असर भी सेहत पर देखने को मिल रहा है लोग सर्दी, खांसी, बुखार की चपेट में आ रहे हैं, तो ठंड के ठंड के चलते मार्निंग वॉक करने वालों की संख्या इन दिनों कम हो गई है।

## खबर संक्षेप

### लोकगायिका आरू का कार्यक्रम 21 को



मैनपुर। मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर कुरलापारा में श्री श्री महालक्ष्मी जी पुजा उत्सव का आयोजन 18 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक आयोजित किया गया है इस धार्मिक कार्यक्रम के चलते ग्रामवासियों द्वारा जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है, तो वही सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति के तत्वधान में 21 दिसम्बर दिन गुरूवार को पगडी पटेल स्टेडियम कुरलापारा अमलीपदर में छत्तीसगढ के सुप्रसिध्द लोकगायिका आरू साहू द्वारा धार्मिक गीत व लोकगीत की वि"ोश प्रस्तुती दी जायेगी जिसके लिए ग्रामवासियों द्वारा जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है।

### बेलर में 23 को पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

छुईहा बेलर। विकसित भारत संकल्प यात्रा देश भर में निकाली जा रही है। इसका उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में एवं राजिम विधानसभा में विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में शासकीय अधिकरी कर्मचारी की उपस्थिति में 16 दिसंबर से ग्राम पंचायत बोरिद से शुभारंभ हुआ। वहीं, 22 दिसंबर को ग्राम पंचायत परसदाकला, गनियारी, 23 दिसम्बर को पतोरा , बेलर,24 दिसंबर को सेंदर,चैतरा,26 बिजली,खुटेरी,27 दिसम्बर को सिर्रीखुर्द, कुण्डेल,28 दिसंबर को चरौदा,बोडकी ,29 दिसंबर को चरभट्ठी, बारूला,30 दिसम्बर को छुईहा में शिविर का आयोजन होंगे। इस दौरान सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना लक्ष्य होगा।

## स्वच्छता अभियान के बीच ग्राम पंचायत मैनपुर में भारी अव्यवस्था

# सफाई व्यवस्था ठप, चारों तरफ गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- कचरे और मच्छर के प्रकोप से नागरिक परेशान

इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्थानीय अधिकारी कर्मचारी तथा शासन का अमला गांव-गांव स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ठीक इसके विपरीत तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के लोग चारों तरफ फैले कचरा की ढेर गंदगी, बजबजाती नाली और उससे उठने वाला दुर्गंध के साथ मच्छरों की सख्या बढ़ जाने से बेहद परेशान हैं, जिससे ऐसा लगता है कि यहां स्वच्छता अभियान का धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जबकि ग्राम पंचायत मैनपुर अनुविभाग मुख्यालय के साथ तहसील मुख्यालय भी है जिसके कारण ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी यहा निवास करते हैं, इसके बावजूद भी मैनपुर नगर के लोगों को मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। नगर में चाहे बस स्टैण्ड हो या फिर साप्ताहिक बाजार, गांधी चौक, जनपद पंचायत के सामने, कृषि कार्यालय के सामने, शिक्षक कालोनी, जयंतीनगर मार्ग, थाना मार्ग, बाजार चौक, कुडकुडी पारा, तालाब किनारे व मुख्य मार्ग के किनारे भारी कचरों का ढेर लगा हुआ है, और इन कचरों को ▶▶| शेष पेज 12 पर



### सफाई के दिए निर्देश

ग्राम पंचायत मैनपुर को निर्देश दिया गया है कि सभी वार्डों में साफ सफाई तत्काल करवाई जाए। साथ ही नियमित रूप से साफ सफाई के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए।

**अंजली खलखो,**
मुख्यकार्यपालन अधिकारी, मैनपुर।



### नालियां पटीं, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

मैनपुर नगर में कई वार्डों में पक्की नालियों का निर्माण नहीं होने से बजबाजाती गंदी नाली का पानी मुख्य मार्ग पर बह रहा है। इससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है, तो नगर के विभिन्न वार्डों में कच्ची बजबजाती नालियां व सफाई नहीं होने से उससे उठने वाली दुर्गंध व जगह जगह कचरों के ढेर से भी संक्रामक बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। तहसील मुख्यालय होने के बावजूद नगर के एकमात्र कांजी हाऊस की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। कांजी हाऊस पूरी तरह खण्डहर में तब्दील हो गया है। और तो और मवेशियों के लिए यहां चारा पानी तक की व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां मवेशियों को नहीं रखा जाता, जिसके कारण आवारा मवेशियों से नगर वासी व किसान परेशान हैं।

# किसानों को मिली बड़ी राहत धान में नमी हुई कम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धान में नमी अब ना के समान है, समिति के कर्मचारी धान बिक्री के लिए आए हुए ढ़ेर में जाकर नमी नाप तो जरूर रहे हैं किंतु जितनी आवश्यकता है उससे कम आ रही है। वैसे सरकारी खरीदी में नमी का जो प्रतिशत है वह 17% से अधिक नहीं होने का नियम बनाया गया है। किंतु अब धान खरीदी शुरू हुए करीब डेढ़ माह बीत गया। इतने दिनों में धान पूरी तरह सूख गया है, ऐसे में नमी का महत्व कम हो गया है फिर भी औपचारिकता निभाने के लिए मॉइस्चर मशीन से चेक कर रहे हैं। शुक्रवार को धान का सैंपल लेकर राजिम और कोमा समिति में एक ही धान को अलग-अलग मशीन से चेक किया गया। दोनों में एक ही नंबर का प्रतिशत मिला, धीरे-धीरे धान और भी सुख जाएगा। वैसे शुरूआती दिनों में नमी का यह नमूना किसानों के लिए काफी सर दर्द बन जाता है। कई समिति के कर्मचारी नमी के चलते काफी कड़ा रुख अपना लेते हैं। किसान वैसे भी अपने धान को पूरी तरह सुखाकर ही धान खरीदी केंद्र में बिक्री के लिए ही ले जाते हैं, ताकि खरीदी केंद्र में जाने के बाद किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव से पूर्व मंत्री चंद्रशेखर ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/राजिम



पूर्व कृषि मंत्री एवं पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू ने मंत्रालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उनसे चर्चा करते हुए आग्रह किया कि किसानों से धान खरीदी की तिथि को बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर से पूर्व वर्ष 2017 एवं 2018 के बोनस के भुगतान के पूर्व जिन किसानों की मृत्यु हो गई है, उनका राजस्व रिकार्ड उनके उत्तराधिकारी के नाम में अद्यतम किया जाए, ताकि 25 दिसंबर को ऐसे किसानों के उत्तराधिकारी को बोनस भुगतान किया जा सके। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों का रिकॉर्ड दुरुस्त कर ऐसे किसानों को सम्मान निधि दी जाए। कृषि उपज मंडी समितियों एवं सहकारी समितियों की गई राजनीतिक नियुक्तियां तत्काल रद्द की जाएं।

श्री साहू ने मुख्यमंत्री एवं दोनों उपमुख्यमंत्री को कार्यभार सम्हाल कर तत्काल मोदी की गारंटी एवं जन कल्याण कार्य शुरू करने पर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 5 वर्ष विकास के कार्य बंद पड़े थे। अब प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार काम करेगी, तेजी से विकास कार्यों को गति दी जाएगी। राज्य की भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि गरीबों का आवास बने, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की मंजूरी दे दी गई है, इससे गरीबों में खुशी का माहौल है।

# कर्जमाफी की उम्मीद खत्म, करोड़ों का कर्ज चुकाना ही होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर 2 साल का बकाया बोनस देने की घोषणा कर दी है। किसानों का कर्ज भले ही माफ न हो लेकिन दो साल के बकाया बोनस के भुगतान से उन्हें राहत मिलेगी। इस साल रसेला सोसायटी में 708 कृषकों को 2 करोड़ 80 लाख 15 हजार रुपए का ऋण वितरण किया गया है। इसी तरह कनसिधी समिति में 398 कृषकों को 1 करोड़ 98 लाख रुपए का ऋण किसानों को बांटा गया है। इधर दो साल के रूके हुए बोनस की राशि किसानों के खातों में जमा हो जाएगी। कर्जमाफी की उम्मीद में इस बार चुनावी साल में किसानों को रिकॉर्ड क़र्ज़ बांटा गया था। कांग्रेस सत्ता से हट गई । इसके बाद क़र्ज़ माफी की किसी तरह की उम्मीद थी वह खत्म हो गई। अब सभी सोसाइटियों को लिकिंग के माध्यम से शत-प्रतिशत कर्ज वसूली के निर्देश जारी किए गए हैं। बिके धान की कुल राशि से कर्ज की रकम काट कर बाकी का भुगतान किया जाता है।

### धान खरीदी हुई प्रभावित

इधर मौसम, त्योहार और चुनाव के चलते धान खरीदी प्रभावित हुई है, खरीदी के डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी अभी 29 हजार 315 क्विंटल की खरीदी हो पाई है। जबकि खरीदी का लक्ष्य 1 लाख 4 हजार क्विंटल ▶▶| शेष पेज 12 पर


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें


9993223300, 8370049468


# गिरहोला के आसपास तेन्दुए का आतंक, तीन मवेशियों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर से 8 किलोमीटर दूर ग्राम गिरहोला के आसपास इन दिनों तेन्दुआ का आतंक देखने को मिल रहा है। बीती रात ग्राम गिरहोला निवासी किसान राकेश तिवारी की बाड़ी में बंधे एक मवेशी को तेन्दुएं ने अपना शिकार बना लिया। वहीं, इसके पूर्व भी 15 दिनों के भीतर गिरहोला व आसपास के ग्रामों में तेन्दुए ने 03 मवेशियों को शिकार बनाया है। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा वन विभाग में की गई है। मिली ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पेट, लिवर व पित्त रोग की जांच आज

**महासमुंद।** स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 17 दिसंबर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी। इसमें डॉ सन्नी उत्तमानी (एमडी मेडिसिन, डीएम हेपेटोलाजिस्ट, गेस्ट्रोलाजिस्ट, इंटर वेंटीओनल इंडोस्कोपिस्ट) उपलब्ध रहेंगे। पीलिया, पेट में पानी भरना, खाना निगलने में परेशानी होना, पेट में गांठ होना, हेपेटाइटिस, भूख ना लगना, वजन कम होना, छोटे बच्चे में वजन न बढ़ना एवं सहीं विकास न होना, उल्टी में खून आना, कब्ज, बार-बार उल्टियां होना समेत विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी।

### भोथलडीही में सर्व गांडा समाज की बैठक आज

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ सर्व गांड़ा समाज की मासिक बैठक सरायपाली के भोथलडीही के सामुदायिक भवन में प्रातः 10 बजे आहूत की गई है। बैठक में सामाजिक संगठन प्रगति विकास भावी योजना की समीक्षा करते हुए कार्य योजना तैयार की जाएगी। सभी परिक्षेत्र अध्यक्षों को बैठक में उपस्थित होने कहा गया है। मार्गदर्शन स्वरूप जिला अध्यक्ष मुखर्जी एवं प्रांत अध्यक्ष केएल नंद को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी विकासखंड समाज प्रमुख दयानंद तांडी ने दी है।

### सामान्य शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**महासमुंद।** साईटसेवर्स इंडिया द्वारा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत सामान्य शिक्षकों का समावेशी शिक्षण विधियों व आईसीटी पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रारंभ हुआ। जिसमें बागबहरा और महासमुंद ब्लाक से 30 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण की शुरुवात सभी प्रतिभागियों का स्वागत से किया गया। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर संदीप उपाध्याय अष्टावक्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ रिहेबिलीटेशन साइंसेस एंड रिसर्च दिल्ली से थे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दृष्टिबाधित और अल्प दृष्टिबाधित बच्चों को कैसे सामान्य कक्षा में पढाए व उनके आवश्यकता को कैसे जाने, पहले दिन सभी प्रतिभागियों का प्री टेस्ट लिया गया।

### हर महीने के अंतिम गुरुवार को बंद रहेंगे टो पाट्र्स व बाइक शो रूम

**सरायपाली।** अंचल के सभी आटो पाट्र्स दुकान और सभी मोटरसाइकिल शोरूम संचालकों की एक आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा प्रत्येक माह के अंतिम गुरुवार को सभी आटो पाट्र्स दुकान एवं मोटरसाइकिल शोरूम को बंद रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुखराज आटो, भवानी आटो, अग्रवाल आटो, शिवम आटो पाट्र्स, गणपति आटो पाट्र्स, शिवानी आटो पाट्र्स, श्याम आटो पाट्र्स, रमजान आटो, लक्ष्मी आटो, केशव आटो पाट्र्स, शारदा आटो, मां शारदा आटो, बजरंग आटो पाट्र्स कुटेला एवं ताज आटो पाट्र्स के संचालक उपस्थित रहे।

**पर्व : विधायक रोहित साहू पहुंचे गुरुघासीदास मंदिर में लिया आशीर्वाद**

# गुरु घासीदास जंयती पर निकाली सतनाम संदेश यात्रा में पंथी नृत्य का आकर्षक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम





तहसील स्तरीय सतनामी समाज परिक्षेत्र राजिम के तत्वावधान में संत बाबा गुरु घासीदास जी के 267वीं जयंती के एक दिन पूर्व 16 दिसम्बर को विशाल सतनाम संदेश शोभायात्रा सतनाम गुरुद्वारा रायपुर रोड राजिम से संत बाबा खूब लाल टंडन,मंदिर के पुजारी पनमेश्वर मार्कंडेय एवं समाज प्रमुखों की उपस्थिति में सात ध्वजवाहकों के साथ पूजा के अर्चना के बाद सतनाम सन्देश शोभायात्रा आकर्षक पंथी नर्तक दलो के साथ पंडित सुन्दर लाल शर्मा चौक से गरियाबंद रोड होते हुए सतनामी पारा से शिवाजी चौक होते हुए गुरुघासीदास मंदिर में पहुंचकर समापन हुआ।सतनामी पारा के सभी घरों में चौक पुरकर बाबा गुरुघासीदास जी के छाया चित्र एवं सात ध्वज वाहकों की आरती उतारकर पूजा अर्चना किया गया।

- पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ने किया सभागार भवन का लोकार्पण

### जनसेवा के लिए तत्पर रहूंगा : साहू

शोभायात्रा के पूर्व राजिम विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू अपने साथियों के साथ मंदिर पहुँचकर बाबा जी का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उपस्थित सन्त समाज को सम्बोधित करते हुए विधायक रोहित ने कहा कि मेरे विधायक बनने के बाद सबसे पहला कार्यक्रम बाबा गुरुघासीदास जयंती में हो रहा है जो मेरे जीवन के लिए अविस्मरणीय रहेगा। आप सबके ,खास करके सतनामी समाज का बहुत ही योगदान है मुझे विधायक बनाने में। मैं समाज के उत्थान के लिए हमेशा अपना सहयोग दूंगा आप लोगो ने मुझे नेता नही बेटा चुने है आपके सुख दुःख में हमेशा साथ रहूँगा, जब भी जरूरत पड़े अच्छे कामों के लिए मुझे दो बजे रात को बता सकते हो मैं दौड़कर आऊंगा और सभी मिलकर समस्याओं का निराकरण करेंगे।

### अमितेश ने भवन का किया लोकार्पण

इस अवसर पर प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल अपने समर्थको के साथ गुरुघासीदास मंदिर आशीर्वाद लेने पहुँचे।अमितेश शुक्ल द्वारा गुरूबाबा के पूजा अर्चना किया एवं उनके कार्यकाल में विधायक मद से निर्मित सभागार भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। सन्त समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे मेरे पिताजी पंडित श्यामचरण शुक्ल के समय से सतनामी समाज का प्यार मिल रहा है जिसके लिए मैं और मेरे परिवार हमेशा कृतज्ञ रहेंगे समाज को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करते रहेंगे, चुनाव में हार जीत लगा रहता है। दोनों सत्रों में डॉ आनंद मतवाले गुरुजी द्वारा गुरूबाबा घासी दास जी को नमन करते हुए स्वागत भाषण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव सुघरमल आड़े द्वारा किया गया ,उन्होंने सतनामी कर्मचारी मित्र मंडल के साथियों को धन्यवाद दिया। सतनाम सन्देश शोभायात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने आर्थिक सहयोग कर अमूल्य योगदान दिया। उपस्थित सभी अतिथियों का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में हुए शामिल

कार्यक्रम में विधायक के साथ चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य, राजू साहू,मनीष हरित,किशोर साहू,पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल के साथ डेकेश्वर ठाकुर ,रामकुमार गोस्वामी,सुनील तिवारी,रामनारायण साहू, समाज प्रमुखों में डॉ आनंद मतवाले गुरुजी संरक्षक,जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रूखमणी मांडले,सन्तोषी पुर्रे, अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे, मुन्ना कुर्रे,सुघरमल आड़े,सहदेव बंजारे,बिष्णु जांगड़े, गोपचंद बेनर्जी,पार्षदगण ओमप्रकाश आडिल,राकेश मांडरे, उपाध्यक्ष गण किरण टण्डन, नेमीचंद बंजारे, सनत चेलक,कोमल ढीढी,चतुर मंडल, भागचंद चतुर्वेदी, कमलेज बघेल,गणेशु खूटे,जागेश्वर गायकवाड़, अश्विनी दास रात्रे, ईश्वर रात्रे, खेलन घृतलहरे, गोविंद चतुवेर्दी, टिकेन्द्र बंजारे, चोवा खूटे, विक्रम खुटे,राकेश भारती, महेंद्र भारती, जेठू कोसरे, धनेन्द्र टण्डन, गौतरिहा चेलक सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## राजिम जयंती समारोह पर हुई चर्चा





**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की बैठक भामाशाह साहू भवन में आयोजित की गई। बैठक में आगामी राजिम जयंती समारोह भव्य आयोजन के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिए। प्रदेश अध्यक्ष टहल राम साहू ,कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, महासचिव दयाराम साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता समिति अध्यक्ष लाला राम साहू बालोद, सूरजपुर, कांँकेर, अम्बिकापुर, धमतरी, रायगढ़ सहित जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क पर घायल दंपत्ति को देख विधायक ने रोका काफिला, अस्पताल पहुंचा कर दिया मानवता का परिचय

**बसना।** बसना के नवनिर्वाचित विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरा के दौरान मानवता का परिचय दिया और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अपनी गाड़ी रुकवा कर तुरंत ही अस्पताल भिजवाया। उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ. अग्रवाल ने अपनी विधानसभा में जीत के पश्चात जनता की आभार रैली का आयोजन किया था। इस दौरान पिथौरा-बसना हाईवे से गुजरते हुए विधायक अग्रवाल ने देखा कि एक्टिवा सवार एक दंपत्ति अपने दोनों बच्चों के साथ घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े हुए हैं। उन्होंने तत्काल अपनी फॉलो कार में घायलों को



अस्पताल भिजवाया। पिथौरा थानेदार और हॉस्पिटल में बात कर घायलों के तुरंत और उचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उसके बाद ही वे मौके से रवाना हुए।

## नेशनल लोक अदालत में करोड़ों का अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशन पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद, किशोर न्याय बोर्ड गरियाबंद तथा राजस्व जिला गरियाबंद के राजस्व न्यायालयों एवं राजिम, देवभोग के न्यायालयों में 16 दिसंबर नेशनल लोक अदालत/" का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष यशवंत वासनीकर ने बताया कि उक्त लोक अदालत हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गरियाबंद श्रीमती तजेश्वरी देवी देवागंन की गठित खण्डपीठ में कुल 91 लंबित एवं 631 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे जिनमें कमशः 20 लंबित मामलों का निराकरण करते हुए 1,03,20,000/- (अक्षरी एक करोड तीन लाख बीस हजार) रूपये का एवार्ड पारित किया गया वही 50 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण करते हुए 28,82,000/- (अक्षरी अठ्ठाईस लाख बियासी हजार) रूपये का एवार्ड पारित किया गया, इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 70 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 1,32,02,000/- (अक्षरी एक करोड बत्तीस लाख दो हजार) रूपये का एवार्ड पारित किया गया। वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं व्यवहार न्यायधीश वर्ग-एक गरियाबंद श्रीमती छाया सिंह की गठित खण्डपीठ में 742 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 71 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 6,78,386/- (अक्षरी छह लाख अठहत्तर हजार तीन सौ छियासी) रूपये का राशि अदा करायी गयी तथा समरी मामले सहित 244 लंबित प्रकरण रखे गये थे जिनमें 182 लंबित मामलों, जिसमें अन्य सिविल के 05 वर्ष के अधिक समय से लंबित 01 प्रकरण (एक्शन प्लान से संबंधित प्रकरण) का निराकरण करते हुए 43,695/- (अक्षरी तिरालीस हजार छैः सौ पंचान्वे) रूपये की राशि अदा करायी गयी। इस प्रकार कुल 253 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 9,04,781/- (अक्षरी नौ लाख चार हजार सात सौ ईक्यासी) रूपये का समझौता राशि की अदायगी कराई गई। श्री प्रशान्त कुमार देवांगन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं व्यवहार न्यायधीश वर्ग-दो गरियाबंद की गठित खण्डपीठ में 523 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 10 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 9,01,914/- (अक्षरी नौ लाख एक हजार नौ सौ चौदह) रूपये का राशि अदा करायी गयी तथा कुल लंबित दाण्डिक मामले समरी सहित 105 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 13 प्रकरण निराकृत किये गये। इस प्रकार कुल 23 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 9,01,914/- (अक्षरी नौ लाख एक हजार नौ सौ चौदह) रूपये का राशि अदा करायी गयी। श्री प्रशान्त कुमार देवांगन प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायालय गरियाबंद की गठित खण्डपीठ में राजीनामा योग्य लंबित प्रकरण रखे गये थे। इसी प्रकार श्री सचिन पॉल टोप्पो न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो राजिम की गठित खण्डपीठ में 1450 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 123 प्रकरणों का निराकरण करते हुए तथा कुल लंबित दाण्डिक मामले समरी सहित 433 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 225 प्रकरण निराकृत किये गये। इस प्रकार कुल 348 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 5,79,600/- (अक्षरी पांच लाख उन्यासी हजार छैः सौ) रूपये का राशि अदा करायी गयी। इसी प्रकार किरण पन्ना न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो देवभोग की गठित खण्डपीठ में 521 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 41 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 11,06,970/- (अक्षरी ग्यारह लाख छैः हजार नौ सौ सत्तर) रूपये का राशि अदा करायी गयी तथा कुल लंबित दाण्डिक मामले समरी सहित 476 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 357 प्रकरण निराकरण करते हुए 30,000/- (अक्षरी तीस हजार) रूपये का राशि अदा करायी गयी किये गये। इस प्रकार कुल 398 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 11,36,970/- (अक्षरी ग्यारह लाख छत्तीस हजार नौ सौ सत्तर) रूपये का राशि अदा करायी गयी। इस प्रकार श्रीमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरियाबंद, न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद, एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राजिम, कुल 1092 प्रकरणों का निराकरण किया गया। तालुका अध्यक्ष श्री यशवंत वासनीकर ने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष माननीय श्री अब्दूल जाहिद कुरैशी एवं सचिव श्री प्रवीण कुमार मिश्रा के द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशानुसार अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा नेशनल लोक अदालत के अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद के परिसर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये, महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार के विभिन्न प्रकार के व्यंजन, रंगोली, हरी सब्जियां का प्रदर्शन किया गया, उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं फुलदार पौधों एवं वृक्षों का वितरण किया गया, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को ट्रायसिकेल का वितरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोक अदालत में आये गये पक्षकारों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन सामान्य का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उनके लिए स्वल्पाहार (रोटी-सब्जी) व्यवस्था की गई तथा राजस्व न्यायालयों में गठित खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारियों के द्वारा लोक अदालत के पूर्व से ही संबंधित पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से प्री-सिटिंग कर इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु काफी प्रयास किये गये।

## गोविंद सचिव संघ के चुनाव में तीसरे बार अध्यक्ष मनोनीत

**फिंगेश्वर।** शुक्रवार को ब्लाक इकाई फिंगेश्वर सचिव संघ का चुनाव हुआ संपन्न हुआ जिसमे अध्यक्ष पद के लिए तीसरे बार हेट्रिक बनाते हुए सचिव संघ ने गोविन्द साहू को अध्यक्ष मनोनित किया। गोविंद ने कहा यह वि"वास का तोहफा है।

ग्रामीण क्षेत्रे का कार्यभार सम्हालने वाले पंचायत सचिव ही एक ऐसा पद है जिन्हे शासकीय योजनाओ को डोर टू डोर पहुंचाकर उसका क्रियान्वन कराना होता है।ऐसे ही पंचायत सचिव संघ की भी अपनी समस्याएं रहती है जिसे ये एकजुट होकर निपटाते हैं।यही एकजुटता इन्हे संघ से जोड़ता है।संघ बनाने के लिए चुनाव आव"यक होता है।इसी कड़ी मे फिंगे"वर ब्लाक के सचिव संघ का चुनाव प्रारंभ किया गया जिसमे निर्वाचन संपन्न कराने हेतु निर्वाचन अधिकारी के रूप में पहुचे जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू जिला इकाई फिंगेश्वर एवं ब्लाक अध्यक्ष चेतन सोनकर ब्लाक इकाई छुरा द्वारा प्रदेश स्तर से निर्वाचन प्रक्रिया के नियमों का वाचन कर शासकीयकरण की अग्रिम बधाई देते हुए साथियो को अवगत कराया गया जिसमे फिंगेश्वर ब्लाक के समस्त सचिवों द्वारा निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए गोविन्द साहू का नाम पुनःमनोनीत किया गया।इसी प्रकार सचिव संघ फिंगेश्वर के सचिव पद हेतु झम्मन पटेल,उपाध्यक्ष पद रेवा ढीढी(वरिष्ठ) एवं तरुणा सिन्हा(महिला प्रकोष्ठ),कोषाध्यक्ष हेतु कोमल साहू,सहसचिव चंद्रकांत साहू,मिडिया प्रभारी ओम प्रकाश सिन्हा,सरक्षक हेतु हुकूमत साहू,यशवंत साहू,जागेश्वर साहू,मनी राम साहू और कार्यकारिणी सदस्य हेतु संतोष साहू,पीला राम साहू,रेखा साहू,अशोक साहू,कृष्ण कुमार साहू,ओम प्रकाश डहरिया,चेमन साहू,नूतन साहू,चिंता राम सिन्हा बने।इस प्रकार पूर्ण रूप से शांति पूर्ण निर्विरोध चुनाव सम्पन्न कराया गया।



ये रहे उपस्थित–पंचायत सचिव संघ के चुनाव को लेकर भैया राम साहू,बुदेश्वर साहू हेमकुमार पटेल,पुलस्त साहू, चेतन साहू, सोनाराम वर्मा,गोकरण साहू,संतु धुरव, बृजमोहन बंजारे, भैया राम साहू, राजेंद्र धुरव, उत्तम साहू, ज्योति सिन्हा, इंदिरा, सत्यम, हेमचंद साहू, मालिक राम भारती,विकाश साहू,यशवंत निषाद, अजय धुरव, शेष नारायण, अमरीका सोनवानी,चंद्रकांत तिवारी, कन्हैया सिन्हा, गोपेश सेन, तुलस साहू, कुलेश्वर कोसरे, गोवर्धन सेन, हुलसी साहू, दिनु यादव,मूलचंद, ईश्वर प्रजापति, पोखराज सेन सहित सभी पंचायत के समस्त सचिव उपस्थित थे।

## बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए सुनाए ध्रुव और प्रह्लाद की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



स्थानीय महावीर कालोनी में चल रहे श्रीमद् भागवत में कथा व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने कथा के दौरान ध्रुव, प्रह्लाद व भरत चारित्र के प्रसंग की कथा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद और ध्रुव ईश्वर के प्रति अटल विश्वास, भक्ति और सत्य की प्रतिमूर्ति हैं। दोनों ने माया-मोह छोड़कर भगवान विष्णु को अपना आराध्य माना। उनकी भक्ति में इतनी शक्ति थी कि उनकी रक्षा के लिए स्वयं श्रीहरि विष्णु ने मृत्युलोक में कदम रखा था। वह हरि के सच्चे भक्त हैं। प्रभु की भक्ति करनी है तो इन दोनों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रह्लाद और ध्रुव ने प्रभु पर अटूट विश्वास करते हुए भक्ति का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। दोनों ही कठोरतम दंडों और यातनाओं से भी नहीं डरे और ईश्वर की आराधना करते रहे। ठीक उसी प्रकार हमें भी जीवन के संकटों से नहीं डरना चाहिए और भगवान पर विश्वास कर उनकी आराधना में लीन होना चाहिए। भगवान भक्तों की सच्ची पुकार सुनकर निश्चित ही उन पर कृपा बरसाते हैं। वर्तमान में बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए उन्हें भक्त ध्रुव व प्रह्लाद की कथा अवश्य सुनानी चाहिए। इससे उनमें अच्छे भाव व संस्कार जन्म लेते हैं।

शास्त्री ने कहा कि भरत का अर्थ जीवन में त्याग है, जिस राज के लिए केकैई ने दुनिया का अपयश अपने सिर पर लिया। वो राज भरत ने मन की भांति त्याग दिया। अपने हक का त्याग करना ही रामायण है और दूसरे का हक छीनना ही महाभारत है। भरत, श्रीराम को लाने के लिए गुरु वशिष्ठ सहित समस्त प्रजा माता कौशल्या, सुमित्रा सहित वन में जाते हैं, लेकिन श्रीराम ने मर्यादा का आभास कराकर चरण पादुका को देकर अयोध्या में वापस भेजा। उन्होंने कहा कि इस संसार में प्राणी दो रस्सियों मंम बंधा है, ये अहमता व ममता है। अहमता शरीर को मैं मान लेती है।

और ममता शरीर के संबंधियों को मानती है। कारण है मन, जब इस मन को संसार की तरफ ले जाओगे तो मोह का कारण बनेगा और जब इसे भगवान की तरफ ले जाओगे तो मुक्ति का साधन बनेगा। इस दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण करते रहे।

## पेज 11 के शेष

### सफाई व्यवस्था...

नियमित रूप से साफ सफाई नहीं करने के कारण आसपास के निवास करने वाले लोग बेहद परेशान हैं, कचरों से उठती दुर्गंध और मच्छरों की संख्या बढ़ गई है।

**लाखों के व्यावसायिक कॉम्पेलक्स का नहीं हुआ आवंटन, कचरे से पटा शटर :** मैनपुर नगर में साप्ताहिक बाजार के भीतर लाखों रूपये खर्च कर बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के लिए अटल व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण किया गया है, लेकिन आज 10 साल बाद भी स्थानीय बेरोजगार युवकों को इसका आबंटन नहीं हुआ है। इस व्यावसायिक कॉम्पेलक्स के सामने इतना ज्यादा कचरों का ढेर लगा हुआ है, कि इसके शटर ही नहीं खुल पा रहे हैं। साप्ताहिक बाजार के भीतर कचरा और गंदगी के कारण व्यवसाय करने वाले लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### कर्जमाफी की उम्मीद...

है। बचे हुए डेढ़ माह में 71 हजार 400 सौ क्विंटल धान की खरीदी करनी है। समितियों का मानना है कि अगर खरीदी की समय-सीमा नहीं बढ़ाई गयी तो किसानों का पूरा धान ख़रीदना मुश्किल होगा। विभाग के अनुसार 2014-15 एवं 2015-16 की बोनस की राशि किसानों को दी जानी है। किसानों से अभी धान 2203 रुपए में पतला एवं 2183 रूपए में मोटा धान खरीदा जा रहा है। नई सरकार ने चुनाव से पूर्व 3100 रूपए प्रति क्विंटल में धान खरीदनें का वादा किया है संभावना है कि किसानों से हुई खरीदी के बाद अंतर की शेष राशि लगभग 900 रूपए प्रति क्विंटल किसानों के खातों में जाएगी।

### गिरहोला के आसपास...

जानकारी के अनुसार गिरहोला ग्राम के आसपास के पहाडीनुमा झाड़ियों में शाम के समय इन दिनों ग्रामीणों को तेन्दुआ दिखाई दे रहा है। तेन्दुआ के चलते ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर इसकी जानकारी देने पर वन विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर मवेशी नुकसान मुआवजा की राशि देने की बात कही जा रही है। लेकिन, लगातार शाम होते तेन्दुआ के कारण ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रही है और ग्रामीण चिंतित भी नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एबीवीपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने डीकास और गौरव



**राजिम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर के कोने-कोने से छात्र नेता-प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें जिले के छह कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इस अधिवेशन में गरियाबंद जिले के छात्र नेता डीकास देवांगन एवं गौरव घाटगे को छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दायित्व दिया गया। मालूम हो कि डिकास एवं गौरव एक लंबे समय से विद्यार्थी परिषद के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते आए है। विद्यार्थियों के समस्याओं को लगातार उठाकर समाधान करने का प्रयास किया है। महाविद्यालयों में छात्रहितो को लेकर प्रदर्शन किया। इन दोनो छात्र नेताओं ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है,विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र-छात्राओं के हितो से जुड़े हुए मुद्दे,सामाजिक मुद्दे महिलाओं छात्राओं के साथ होने वाले अनीतियो को उठाने का काम किया है। कहा कि आगे भी विद्यार्थियों पर समस्या आती है तो निसंदेह विद्यार्थी परिषद आगे आएगी। प्रदेश के द्वारा जो दायित्व हमें दिया है निश्चित ही हम उसमें खरा उतरेंगे और संगठन को जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश में गति देंगे। इन दोनो छात्र नेताओं को प्रदेश सहमंत्री अनंत सोनी,जिला संयोजक रंजन यादव ,राजिम नगर मंत्री हुमन देवांगन,गोहरापदर नगर मंत्री क्षीतिजनारायण तिवारी, फिंगेश्वर नगर मंत्री सूर्यश कश्यप,देवभोग नगर मंत्री मुकेश नायक,कुंदन सोनकर,जय शर्मा, करण सोनकर,मोंटू सोनकर,योगेश सागर,यशवंत सोनकर,अविनाश चौहान,गीतराम साहू,भूपेंद्र सिन्हा,विवेकानंद,पांडे,अमन तिवारी,श्रद्धा शर्मा सहित जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### विभाग ने जारी किया नोटिस, हड़ताल से डाक सेवकों को वापस लौटने कहा

**सरायपाली।** ग्रामीण डाक सेवकों के हड़ताल को लेकर अब विभाग सख्त हो गया है। उच्चाधिकारियों द्वारा डाक सेवकों को नोटिस जारी कर हड़ताल से वापस लौटने अथवा सेवा से बर्खास्त किए जाने की बात कही जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए सरायपाली उपसंभाग के अध्यक्ष दिनेश कुमार दास ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर आज उपसंभागीय निरीक्षक दीपचंद पुरी द्वारा हड़ताल करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को उपडाकघर परिसर से बाहर निकल जाने और हड़ताल का पंडाल हटाने का आदेश जारी कर दिया गया। इसके बाद से कर्मचारी, उप डाकघर सरायपाली के बाहर बैठ कर प्रदर्शन कर रहे हैं। दास ने बताया कि अधिकारियों ने सबको पहले तो हड़ताल वापस लेने के लिए समझाने का प्रयास किया, फिर वापस न लेने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। साथ ही 3 वर्ष से कम सर्विस वालों को बर्खास्त करने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीण डाक सेवक हर दिए गए टारगेट को पूर्ण करने के लिए अपना 100 प्रतिशत योगदान देने का प्रयास करते हैं, जिसका परिणाम यह रहता है कि छत्तीसगढ़ राज्य इन विभागीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में देश में सदैव अग्रणी रहता है।

# अक्षत कलश का नगर में जोरदार स्वागत, जय श्रीराम के जयकारों की हुई गूंज

**भजन-कीर्तन करती मंडलियां ने किया आकर्षित, आतिशबाजी भी किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र से पहुंचा अक्षत कलश,भव्य स्वागत में जुटा हिंदू समाज। रामलला के मंदिर प्रतिष्ठा में जाने अक्षत आमंत्रण घर घर पहुंचाएंगे हिंदू संगठन , चरण बद्ध तरीके से आज श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र से अक्षत कलश देवभोग तक पहुंच गया।हनुमान मंदिर के पास श्रदालुओ की भिड़ स्वागत के लिए पहले से मौजूद थी। भजन व कीर्तन मंडलियों के थाप व आतिश बाजी के साथ कलश को आज जगन्नाथ मंदिर में स्थापित किया गया।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व अनुयाई संगठनों की अगुवाई में भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओ की भिड़ रामलला के जयकारे के साथ कलश को रैली के शक्ल में मंदिर तक पहूचाया गया।पवित्र कलश को बारी बारी से सर में लेने श्रद्धालु आतुर थे।राम चंद्र के जयघोष के बीच आज नगर राम मय हो गया था।इस पावन अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक द्वय डमरूधर पुजारी, गोवर्धन मांझी, मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी के अलावा भारी संख्या में आरएसएस, विहिप,बजरंग दल व अन्य अनुयाई संगठन के कार्यकर्ता व हिंदू समाज भारी संख्या में मौजूद थे।



#### प्रभात फेरी और कलश वंदन कार्यक्रम होंगे

केंद्रों में 30 दिसंबर से पहले पहुंच जायेगा। इस बीच सभी केंद्रों में कलश वंदन,प्रभार फेरी,जागरण कार्यक्रम कर तीर्थ क्षेत्र के महत्व व प्रतिष्ठा के लिए किए योगदान की जानकारी दी जाएगी।अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु राम जी के मंदिर की प्रतिष्ठा है,इस तीर्थ क्षेत्र में जाने के लिए घर घर अक्षत व पत्रक देकर न्योता दिया जाएगा।1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच सभी हिंदू समाज तक अक्षत आमंत्रण पहुंच जाएगा।राम काज के इस पावन कार्य को सम्पन्न करने में गौरी शंकर,प्रसन्न तायल,रमाकांत बेहेरा, जसवंत गोयल,सुभाष दौरा,बजरंग साहू,अनिल सिन्हा,देवेंद्र ठाकुर,राकेश अग्रवाल, गणेश सोनी, मोहन गोयल, सुशील जैन,पिंटू जैन ,जीतेश सिन्हा,मयूर भट्टर, पुरुषोत्तम गोयल,पिंटू तायल,जय विलास शर्मा,मनोज रघुवंशी, हरीश तायल,तेजराज ठाकुर, नागेश्वर मोरे,मनीष सिन्हा, राजेश चक्रधारी,हेजुराम साहू,रामरत्न मांझी, पारस कौशिक,विकास उपाध्याय,मनीष पात्र, सुशील यादव,प्रमेश अवस्थी,गौरव पात्र,अमन तिवारी, ऋषभ गुप्ता समेत भारी संख्या में युवा सक्रिय हैं।

**15 जनवरी तक घर घर पहुंच जाएगा न्योता**

: श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र प्रतिष्ठा महा अभियान के प्रभारी तस्मीत पात्र ने बताया की देवभोग विकास खंड को 13 केंद्रों में विभक्त किया गया है।वर्तमान में अक्षत कलश श्री जगन्नाथ मंदिर में स्थापित है।यही से ही सोमवार को सभी 13 केंद्रों के लिए विधिवत अक्षत कलश भेजा जायेगा।

**यात्रा : लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं से किया गया लाभान्वित**

# पीएम और सीएम विकसित भारत संकल्प यात्रा में वर्चुअल शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी देने और इन योजनाओं से जिलेवासियों को लाभन्वित करने के उद्देश्य से जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत हो गई है। इसी संबंध में आज विकासखंड गरियाबंद के ग्राम पंचायत बारुका में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बारुका में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू शामिल हुए। साथ ही राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को प्रचार प्रसार वैन के माध्यम से भारत सरकार की 17 से अधिक विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को स्पॉट में ही केसीसी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेशन, पीएम उज्जवला एवं पीएम स्वनिधि योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप, टीबी, सिकल सेल एनीमिया जांच और शुगर बीपी जांच किया गया। बारुका के कार्यक्रम स्थल में एलईडी स्क्रीन और टीवी के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल लोगों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय को सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार द्वारा लोगों की हर प्रकार की चिंता कम करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार ने कोरोना काल में गरीबों को मुफ्त राशन प्रदान किया गया। छोटे व्यापारियों को पीएम स्वनिधि योजना से सस्ता और आसान लोन मिल रहा है। देश में 50 लाख लोग इससे लाभान्वित हो चुके है। पीएम श्री मोदी ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में गंभीरता से काम कर रही है। अटल पेंशन योजना से बुजुर्ग लोगों की पेंशन सुनिश्चित हो रही है। वन नेशन वन राशन कार्ड के माध्यम से राशनकार्डधारियों को देश के किसी भी कोने से राशन लेने की सुविधा मिल रही है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल बारुका में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि राजेश साहू, अनिल चंद्राकर, श्री रिखी राम यादव, अजय रोहरा, सुरेंद्र सोनटेके, राधेश्याम सोनवानी, रितेश यादव टिकेश्वर पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

- बारुका में आयोजित कार्यक्रम में सांसद चुन्नीलाल साहू और राजिम विधायक रोहित साहू भी हुए शामिल



#### पीएम के साथ सांसद-विधायक सहित ग्रामीणों ने फोटो खिंचवाई

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रचार प्रसार वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के फोटो युक्त सेल्फी जोन भी बनाया गया था। सेल्फी जोन में सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, विधायक श्री रोहित साहू, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव ने सेल्फी खिंचवाई। साथ ही शिविर स्थल में आए ग्रामीणों ने भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ बड़े उत्साह और उमंग के साथ सेल्फी का आनंद लिया।

अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलो का किया अवलोकन, शासकीय योजना के हितग्राहियों को किया लाभान्वित*- विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर सांसद श्री चुन्नीलाल साहू एवं अन्य अतिथियों ने विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। साथ ही ऑन स्पॉट केंद्र सरकार की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया। अतिथियों ने स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास आदि विभागों का निरीक्षण कर वहा लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सांसद साहू ने कलेक्टर श्री छिकारा एवं अन्य अतिथियों की मौजूदगी में बारुका निवासी बालक शौर्य और आर्यन को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इसी प्रकार बारूक़ा के ही रहने वाले किसान दुर्गेश कुमार को 10 लाख रुपए का मुद्रा लोन स्वीकृति पत्र सौंपा। दुर्गेश कुमार ने बताया कि मुद्रा लोन स्वीकृत होने से अब वह स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनेंगे।

मौके पर ही हुआ स्वास्थ्य जांच, पीएम किसान सम्मान निधि एवं उज्जवला योजना सहित 17 से अधिक योजनाओं का भी मिला लाभ*- विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को 17 से अधिक योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप की भी सुविधा प्रदान की गई। ग्रामीणों ने निशुल्क शुगर-बीपी जांच की सुविधा का लाभ लिया। साथ ही जरूरतमंदों को डॉक्टरों द्वारा निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में बारुका निवासी कमला ध्रुव और विमला सोनी ने निशुल्क टीबी जांच कराया। इसी प्रकार अभिमन्यु और भागवत साहू ने बीपी शुगर की जांच कराकर चिकित्सकों से आवश्यक स्वास्थ्य सलाह लिया। कार्यक्रम में पीएम उज्जवला योजना का भी नवीन पंजीयन किया गया।

# प्रशिक्षित मनरेगा मेट संघ ने कलेक्टर से की मुलाकात



**गरियाबंद।** शुक्रवार को प्रशिक्षित मनरेगा मेट संघ ब्लाक इकाई गरियाबंद के अध्यक्ष सोहन शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत गरियाबंद को आवेदन सौंपा गया।

इसमें प्रमुख रूप से मनरेगा मेटों को बिना कारण ना निकालने, मजदूरों की मजदूरी भुगतान के साथ मेंट भुगतान करने, दो वर्षों से लंबित मेट भुगतान कराने, कार्यरत प्रशिक्षित मेंट को रोजगार सहायक के रिक्त पदों में प्राथमिकता देने तथा नये मेंट नहीं चुनने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देशित करने जैसे विषय रहे। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष सोहन शर्मा, सचिव जावेद मेमन, मिडिया प्रभारी युगल किशोर सोनी, पन्नू नेताम, कोषाध्यक्ष सुंदर लाल साहू, संरक्षक लता सोनी कार्यकारिणी सदस्य सरस्वती साहू, मनीषा ध्रुव, रुपाली ध्रुव, भुनेश्वरी,रुपेश्वरी साहू,अनुसूइया ठाकुर,ललेश्वरी ध्रुव, गीता साहू, रेवती विश्वकर्मा, सुरेन्द्र साहू,नोहर महिलांग, रूद्रेश्वर साहू, प्रदीप कुमार, दयालाल साहू, यशवंत कुमार, महेंद्र कुमार, भगवान सिंह, योगेन्द्र चक्रधारी, देवराज नाग, मन्नू पटेल, किशोर पटेल, हेमंत कुमार साहू, नरेंद्र सिन्हा, लवकुमार नागेश, दिनेश वासनीकर, रमेश यादव ध्रुवा, रुमनलाल नेताम, देवनाथ निषाद इत्यादि उपस्थित थे।

### घासीदास जयंती आज, विधायक होंगे शामिल



**रसेला।** ग्राम पंचायत रसेला के पारा बेलडीही में 18 दिसंबर को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 267 वीं जयंती के अवसर पर जैतखाम में विधिवत पूजा अर्चना कर अतिथियों के द्वारा झंडा चढ़ाया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक जनक राम ध्रुव विन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, विशेष अतिथि जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पटेल लोकराम यादव,डीआर यादव,सै. डॉ चिराग़ अली, तुलसी बाई कुर्रे, संतराम ठाकुर, कमलेश्वर नायक,मो. बशीर खान, देवलाल बारिक, नन्दूदास, भावसिह मरकाम, धनीराम यादव होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ समय दोपहर 2 बजे जैतखाम की पुजा अर्चना कर पालो चढ़ाया जाएगा, तत्पश्चात सभा का आयोजन होगा 4 बजे प्रसादी वितरण किया जाएगा। बता दें कि हर वर्ष यहां पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष राधा किशन लोक कला मंच नाचा पार्टी ग्राम सिलतरा जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम होगा। समाज के लोग इस दिन बड़े उत्साह के साथ बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाते हैं। जगह जगह पर जैतखाम की पुजा अर्चना की जाती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राधेश्याम, जगत राम, भानुप्रताप, शंकर लाल, हरिचंद, देवकुमार, ईश्वर सहित सभी पारावासी जुटे हुए हैं।

# बोर्ड परीक्षा से पहले डीएवी स्कूल में छात्रों के लिए हुआ मोटिवेशन सेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर।

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 4 किलो मीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र का एक मात्र सी.बी.एस.ई. स्कूल डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ा में बोर्ड परीक्षा से पहले बच्चों के आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए मोटिवेशन सेशन आयोजित किया गया। हम सभी को कभी–कभी प्रोत्साहन के शब्दों की आवश्यकता होती है, जब हम बेकार सोच पैटर्न के चक्र में फंस जाते हैं, तो सर्वोत्तम प्रेरक उद्धरण हमारे दृष्टिकोण को पूरी तरह से बदल सकते हैं। स्कूल प्रांगण में स्कूल की प्रभारी शिक्षिका वेणुका साहू के मार्गदर्शन में यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम (मोटिवेशन सेशन) आयोजित किया गया। वेनुका साहू ने कहा कि वैज्ञानिक स्टीफन हाकिंन के विषम परिस्थिति के बावजूद किए गए खोज के बारे में बताते हुए बच्चों को उनसे प्रेरणा लेने कहा। शिक्षक अजय नागेश ने बच्चों से कहा कि परीक्षा के समय में हमें खुद को सकारात्मक मानसिक स्थिति में लाने और प्रेरित रहने के लिए यथासंभव सहायता की आवश्यकता होती है। इसलिए हमें अपना एक रोल मॉडल चुनने की जरूरत है ताकि आप उनकी राह पर चलकर सफल हो पाए।



शिक्षक राकेश साहू ने कहा कि पढ़ाई में निरंतरता होना आवश्यक बताया। शिक्षक रमेश चंद्र यदु ने कहा की अभी भी परीक्षा होने में लगभग 2 महीने का समय है और आज से भी हम पढ़ाई में रोजना 6–8 घंटा पढ़ाई करें तो सफलता मिलना तय है। इस सेशन में स्कूल के कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं के बच्चे उपस्थित रहें। सेशन के अंत में बच्चों के ध्यान केंद्रित करने व तनाव मुक्त करने हेतु मेडिटेशन भी कराया गया।

### नल के पानी को लेकर महिला से विवाद

**महासमुंद।** ग्राम बरबसपुर में नल के पानी को लेकर एक महिला से विवाद का मामला सामने आया है। प्रार्थी कुमारी बाई पति स्व. खिलावन बघेल (60 साल) ने पुलिस को बताया कि जोगेंद्र भारती पिता तोरन भारती ने नल के पानी की बात को लेकर उसे गाली गलौज करते हुए जान से मारने धमकी दी।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# टेंगनाबासा में रासेयो के 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला/छुरा



शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ आर के तलवरे के संरक्षण तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनित कुमार साहू के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत टेंगनाबासा में सात दिवसीय विशेष शिविर का अयोजन 15/12/2021 से 21/12/2021आयोजित है भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है राष्ट्रीय सेवा योजना प्रारम्भ भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 मे राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इस आशय के साथ प्रारम्भ कि गई कि उच्च शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों मे सामाजिक दायित्व,चेतना,स्वप्रेरित अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान कि भावना उत्पन्न हो।विद्यार्थी अपने रिक्त समय एवं अवकाश का सदुपयोग करने हेतु समाज सेवा करें तथा अपनी शिक्षा कि पूर्णता हेतु वास्तविक परिस्थितियों से साक्षात्कार भी कर सकें।जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास हो। थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा उद्देश्य समाज सेवा द्वारा विद्यार्थियों छात्रों के व्यक्तित्व का विकास। इस कर्यक्रम् का उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत टेंगनाबासा के सरपंच श्रीमति राजकुमारी ध्रुव,अध्यक्षता सी एच पटेल(प्रभारी प्राचार्य शास. महाविद्यालय छुरा), सलीम मेमन (जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय छुरा) विशिष्ट अतिथि नीलकंठ ठाकुर (जनपद पंचायत सदस्य),विशेष अतिथि के रुप में भगवान सिंह ध्रुव प्रधान पाठक पूर्व मा.शाला टेंगनाबासा,श्रीमति इंदुमती राजपूत प्रधान पाठक प्राथमिक शाला टेंगनाबासा महिला कमांडो, और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। सलीम मेमन ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर मे छात्रों को राष्ट्र भक्ति के पाठ सिखाया जाता।जीवन मेंअनुसाशन का महत्व बताया जाता है। नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से सर्वांगीण विकास कराया जाता है।उन्होने संघ, और बुद्ध के वास्तविक अर्थ को छोटे-छोटे प्रेरणादायक कहानियों के द्वारा स्वयं सेवी छात्रों को बताया।उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डी आर साहू, डॉ सी एस सिकरवार सूश्री रागनी ठाकुर उपस्थित रहे। शिविर में महाविद्यालय के 55 स्वयंसेवको द्वारा सात दिवस तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्राम में जागरूकता सम्बन्धी कार्य किया जायेगा।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**अपेक्षा : राजिम का विकास गरिमा के अनुकूल किया जाना चाहिए**

# छत्तीसगढ़ के प्रयागराज में एक बस स्टैण्ड तक नहीं नई सरकार से राजिमवासियों को काफी उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार बन गई है। मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय और दो डिप्टी सीएम के रूप में अरूण साव और विजय शर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। ईधर राजिम और अभनपुर में भी भारतीय जनता पार्टी के विधायक रोहित साहू और इंद्रकुमार साहू चुनकर आ गए है। लिहाजा क्षेत्र की जनता विकास के मुद्दे पर कुछ ज्यादा ही अपेक्षा रख रही है। कहने को तो राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहा जाता है। तीन नदियों का पवित्र संगम क्षेत्र होने के कारण पूरे प्रदेश भर के लोग यहां समय-समय पर पवित्र स्नान करने आते है। यहां तक कि अस्थि विसर्जन करने के लिए राजिम को दूसरा प्रयागराज माना जाता है। भगवान श्री राजीव लोचन और कुलेश्वर नाथ महादेव यहां साक्षात विराजे हुए है।

## हजारों श्रद्धालु-पर्यटक पर रहने की व्यवस्था नहीं

रोज यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु, दर्शनार्थी एवं सैलानी पूजा कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते है। हजारों लोग नदी क्षेत्र में पिकनिक का आनंद लेते है। पर दुख की बात यह है कि यहां ठहरने के लिए रानी धर्मशाला के अलावा और ठिकाना नही है। बस स्टेण्ड के अभाव में लोग यात्री गाड़ियों की प्रतीक्षा करते सड़क के ऊपर अपने सामान और बच्चों के साथ खड़े दिखाई पड़ते है। गरियाबंद जिले के सबसे बड़े शहर के रूप में इसकी ख्याति फैली हुई है मगर यहां का विकास जग जाहिर है। इससे छोटे-छोटे सिटी में रोड डिवाइडर और सौंदर्यीकरण देखते ही बनता है। मगर क्या मजाल है कि इस शहर के लिए शासन और प्रशासन स्तर में कभी ढंग से ध्यान दिया गया हो? पं. जवाहर लाल नेहरू पुल से लेकर फिंगेश्वर मार्ग में कृषि ऊपज मंडी और गरियाबंद मार्ग पर चौबेबांधा मोड़ व घटारानी-छुरा मार्ग पर शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय तक रोड डिवाइडर अब तक तो बन जाना था। जरा सी बारिश नही होने पाती कि बस स्टेण्ड का एरिया घुटने भर पानी से भर जाता है। कांग्रेस शासनकाल में पूरे पांच वर्षो तक जनता बाट जोहती रही कि राजिम का विकास नाम के अनुकुल होगा, परंतु ऐसा हुआ नही। एक मेला मैदान के लिए करोड़ों रूपए की स्वीकृति कांग्रेस सरकार ने की मगर वो काम भी पांच साल में पूरा नही हो सका। अब सरकार बदल गई है तो स्थानीय लोगो की उम्मीदें भी यहां के दोनों विधायक और राज्य के भाजपा सरकार से बढ़ चुकी है। आइये जानते है यहां के गणमान्य नागरिक,स्थानीय जनप्रतिनिधि क्या कहते है?

## मॉडल के रूप में हो राजिम का विकास



नगर पंचायत राजिम के महिला अध्यक्ष **रेखा सोनकर** का कहना है कि बस स्टेण्ड के लिए पूरा परिषद काफी प्रयास किया परंतु काम शुरू नही हो सका। कांग्रेस सरकार से जैसी अपेक्षाएं थी वो पूरी नही हो पाई। वे चाहती है कि राजिम का विकास पूरे प्रदेश में एक मॉडल के रूप में हो। वे अतिशीघ्र इस शहर के विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय से नगर पंचायत के पार्षदो एवं गणमान्य नागरिको को लेकर मुलाकात के लिए जाएंगी। वे चाहती है कि प्रदेश भर से आने वाले किसी भी श्रद्धालु और यात्रियों को यहां किसी भी प्रकार से परेशानियो का सामना करना न पड़े।

## सबसे पहले स्वास्थ्य सुविधा



भाजयुमो अध्यक्ष **नागेंद्र वर्मा** ने कहा कि नवापारा नगर में सर्वप्रथम स्वास्थ्य सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उचित व्यवस्था होना चाहिए जिससे आम लोगो को असुविधा न हो। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी जल्द ही पूरी होनी चाहिए। कहा कि हमारे विधायक जी खुद ही जागरूक है,समझदार है वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेंगे ऐसा पूर्ण विश्वास एवं भरोसा है।

## 5 साल में भ्रष्टाचार-घोटालों के सिवा कुछ नहीं



भाजपा नेत्री **मधु नत्थानी** ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू राजिम विधानसभा क्षेत्र का विकास पूरी ईमानदारी से करेंगे। वे पूरे राजिम विधानसभा क्षेत्र की जनता से भरपूर आशीर्वाद प्राप्त किया है और जनता ने जो विधायक से आशा की है वो उनकी उम्मीद पर खरे उतरेंगे। चूंकि राजिम के ही निवासी है और जमीन से जुड़े व्यक्ति है। इसलिए वे जनता की बातों को भली भांति समझते है। राजिम की जनता से मिलकर एक-एक व्यक्ति से उनका हालचाल जानते है और इसी तरह वो क्षेत्र में विकास को गति प्रदान करेंगे। साथ ही राजिम के अधुरे कार्यो को पूरा करेंगे। कहा कि पूर्व विधायक द्वारा राजिम क्षेत्र में पिछले 5 वर्षो में कोई भी विकास कार्य नही हुआ, लेकिन भाजपा की सरकार में क्षेत्र की जनता को विश्वास है कि नये विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में उनके कार्यकाल में राजिम विकास की नई ऊंचाइयो को छूने में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करेगा। क्षेत्र की जनता की कसौटी में खरे उतरते हुए रोहित साहू सबका साथ सबका विकास की भावना से काम करते हुए क्षेत्र की जनता की सेवा करेंगे, ऐसा सभी को विश्वास है। कांग्रेस ने 5 साल में सिर्फ भ्रष्टाचार घोटाला और वादाखिलाफी की है। कांग्रेस के कार्यकाल मे बेटियां और महिलाएं असुरक्षित थी। बेटियों और महिलाओं को कही भी आने-जाने के लिए सोचना पड़ता था। पिछले चुनाव के खाई को पाटकर 11911 मतों से शानदार जीत हासिल कर विधायक श्री साहू ने इतिहास रचा है और राजिम का नाम रौशन किया है।

## सीएम लिखेंगे विकास का नया अध्याय



नवापारा के भाजपा नेता **किशोर देवांगन** ने कहा कि विकास का नया अध्याय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई नई सरकार के पहले कैबिनेट बैठक से प्रारंभ हो गई है। किसानों को 2 वर्ष का बकाया बोनस और 18 लाख पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने का निर्णय लिया गया है। कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है। 2 वर्ष का बकाया बोनस मिलने से जहां किसान भाइयों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, वहीं 18 लाख गरीबों के खुद के पक्के आवास का सपना अब जाकर पूरा होगा । श्री देवांगन ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के अदूरदर्शितापूर्ण निर्णयों और भ्रष्टाचार के चलते छत्तीसगढ़ सरकार पर वर्तमान में लगभग 1 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। इस चुनौती के बावजूद वर्तमान भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को अपनी सूझबूझ से हर हाल में पूरा करेगी । उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करना एक तरह से छत्तीसगढ़ की जागरूक जनता का सम्मान करना है, जिसने भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने में भाजपा की सहायता करते हुए भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाया है । कहा कि अगले 5 सालों में साय सरकार अपने जनहितैषी कार्यों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस दावे को सच साबित करेगा कि छत्तीसगढ़ को भाजपा ने ही बनाया है और भाजपा ही इसे संवारेगी । अब छत्तीसगढ़ में विकास का नया अध्याय प्रारंभ हो गया है।

## जीवनदायिनी महानदी की हो सफाई



नवापारा के समाजसेवी **कैलाश शुक्ला** ने कहा कि भाजपा सरकार से आम लोगों एवं शहरवासियो को बहुत ही उम्मीद है। इस शहर में रोड चौड़ीकरण का जो काम हो रहा है उसे काफी स्पीड से गुणवत्तापूर्ण पूरा किया जाए साथ ही सड़क किनारे के दोनो ओर जो नालियां बनाई गई है वह सड़क से काफी ऊपर है। इसकी हाइट कम की जाए। नाली की हाइट ज्यादा होने से सड़क किनारे के रहवासियों और दुकानदारो को पिछले डेड़ साल से परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। बारिश काल में पानी दुकानों और घरों में घुसने से लोग खूब तकलीफ उठाएं है। श्री शुक्ला ने कहा कि नवापारा शहर में ब्लाक आफिस, व्यवहार न्यायालय, रजिस्ट्री आफिस की महत्ती आवश्यकता है। लोगों को इस काम से अभनपुर और रायपुर जाना पड़ता है। इस शहर में लोग राखड़ और धूल से बेहद परेशान है। इसके साथ ही जीवनदायिनी महानदी की सफाई सबसे अहम कार्य है। इस कार्य को भाजपा सरकार प्राथमिकता में रखकर करे तो महानदी मैया और पूरे छत्तीसगढ़ की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा।

## प्रसाद योजना में शामिल हो राजिम



राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष **लाला साहू** ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आग्रह है कि भारत सरकार ने पर्यटन मंत्रालय के तहत वर्ष 2014-15 में प्रसाद योजना शुरू की है। प्रसाद योजना के तहत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय तीर्थ एवं विरासत स्थलों का कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान है। छत्तीसगढ़ के प्रयागराज भगवान श्री राजीव लोचन की पूण्य भूमि को भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना प्रसाद योजना में शामिल करा कर बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी वाराणसी की तरह छत्तीसगढ़ के प्रयागराज श्री संगम धाम राजिम का पुनरुद्धार कराकर राजिम महाकुंभ का दर्जा दे। राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू से अपेक्षा है कि श्री संगम धाम राजिम को जिला का दर्जा दिलाने की दिशा में उचित पहलकर क्षेत्र की जनता को सौगात दे।

## 50-60 साल से नहीं मिला पट्टा



राजिम नगर पंचायत के सभापति **ओमप्रकाश आडिल** ने कहा कि वार्ड क्रमांक 12 मां शीतला वार्ड विगत 50-60 वर्षों से बसे हुए 100-200 परिवार मकान बना कर निवास कर रहे हैं। जो लंबे समय से पट्टा की मांग कर रहे हैं। इन्हें इतने बरस बीत जाने के बावजूद पट्टा आज तक नहीं मिल पाया है। यह उस वार्ड की सबसे बड़ी समस्या हैं। श्री आडिल ने इस दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू से पहल करने अनुरोध किया हैं।

## यातायात समस्या का हो निदान



शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक **डॉ राजेंद्र गदिया** ने कहा कि सड़क, पानी, बिजली ये हम सभी की मूलभूत जरूरते हैं -सामान्य नागरिकों की छिट पुट समस्याओं के समाधान के लिये जन प्रतिनिधियों की अहम भूमिका रहती है। इस समय नगर में ट्रेफिक की समस्या सर्वाधिक गंभीर है। जिस समय नगर में निर्माण कार्य होते रहते हैं प्रशासन ध्यान नहीं देता है ,बाद में विवाद होता है। गंज रोड और सदर रोड दोनों में सार्वजनिक मूत्रालय नही होने से खासकर महिलाओं को बहुत परेशानी होती है। स्कूलों के आस पास ट्रैफिक पुलिस होना चाहिए, पार्किंग की व्यवस्था भी जरूरी है।

## सभी क्षेत्रों में विकास की जरूरत



दुर्गा वाहिनी की **प्रीति पांडे** ने कहा कि पूरे प्रदेश एवं राजिम क्षेत्र में ऐतिहासिक परिणाम आया हैं लिहाजा नई सरकार से अपेक्षा भी बहुत हैं। राजिम छत्तीसगढ़ का प्रयाग है। राजिम मेले को पूर्व की भांति गरिमा और गौरव मिले। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पानी, बिजली, साफ-सफाई के क्षेत्र में बेहतर काम हो और महिलाओं युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलने चाहिए। राजिम की गरिमा के अनुरूप व्यवस्थित, व्यवसायिक व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के साथ व्यवस्थित बस स्टापेज का निर्माण भी आवश्यक है।

## घोषणाओं पर जल्द हो काम शुरू



राजिम के वरिष्ठ अधिवक्ता **हिमांशु दुबे** ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने से नवापारा और राजिम नगर में सभी को चहुमुखी विकास होने की प्रबल संभावना दिख रही है ,दोनों नगर में भाजपा के साफ छबि के विधायक है और सरकार भी उनकी बनी है। इसलिए दोनों विधायक इंद्रकुमार और रोहित साहू को राजिम नवापारा को जिला तत्काल घोषित करवाने का काम करना चाहिए। जिससे पूरे नगर में व्यापार, संसाधन और जनता का सवार्गीण विकास हो सके।

## उच्चशिक्षा की हो व्यवस्था



शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुशासन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रयाग एवं भगवान श्री राजीव लोचन के ऐतिहासिक धार्मिक नगरी राजिम, देश-विदेश में लाखों लोगों के आस्था का केंद्र है। लेकिन राजिम के ख्याति अनुरूप सुविधाएं राजिम में नगण्य है। इसी प्रकार से गरियाबंद जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं एवं उद्योग धंधे नाम मात्र के है, जिसके कारण जिले के लोगों को ईलाज एवं पढ़े लिखे नौजवानों को रोजगार के लिए जिले से बाहर भटकना पड़ रहा है। राजिम विधानसभा में शिक्षा के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम नहीं है जिसके कारण बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी बाहर जाना पड़ रहा है। नवनिर्वाचित राजिम विधायक रोहित साहू गांव के गरीबी में पले बढ़े किसान पुत्र है, वे क्षेत्र के इन सभी समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं। नवनिर्वाचित राजिम विधायक एवं नये भाजपा सरकार से क्षेत्र की जनता को भरपूर आशा है कि उक्त समस्याओं को दूर करने की पहल त्वरित रूप से करेंगे। साथ ही क्षेत्र के पर्यटन, उद्योग धंधे एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सार्थक प्रयास करेंगे।

## 5 साल में विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं रखा



नगर पंचायत राजिम के सभापति **पुष्पा गोस्वामी** ने नगर विकास को लेकर कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस सरकार ने विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं रखी। भाजपा सरकार आने के बाद क्षेत्र की जनता को खूब उम्मीदें हैं। राजिम जिला का निर्माण, नवीन मेला मैदान को विकसित करना, शहर में मॉडल बस स्टैंड, शिक्षा महाविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, आईआईटी, चकाचक चौड़ी सड़कें, नदी में बारहो महीना पानी भरा रहे ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। पर्यटन को बढ़ावा देना, बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रुकने की शानदार व्यवस्था, शहर में घड़ी चौक, संत कवि पवन दीवान की आदमकद प्रतिमा स्थापित करना, अवैध धंधों पर ब्रेक लगाना, बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ना, पढ़े-लिखे एवं अनपढ़ महिलाओं तथा पुरुषों को भी रोजगार दिलाना जैसी ढेर सारी उम्मीद सीएम विष्णुदेव साय और विधायक रोहित साहू से है। इन सारे व्यवस्थाओं को लेकर विधानसभा में रखे और लोगों के विश्वास पर खरा उतरे। काफी लंबे समय से राजिम को नगर पालिका बनाने की मांग अटकी हुई है। इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।

## भारी वाहनों व नशे पर नियंत्रण जरूरी



श्री सालासर समिति के संस्थापक, समाज सेवी **राजू बजरंगलाल काबरा** ने कहा कि निश्चित रूप से जब नई सरकार का गठन, नया विधायक चुनकर आता है तो जनता की अपेक्षाएं बढ़ जाती है। सबसे बड़ी समस्या इस नगर में काल रूपी जो हेवी ट्रक, मेटाडोर,हाइवा बेलगाम दौड़ रहे है उस पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। शहर के भीतर नशे का खेल भी खुलेआम हो गया है। कन्याशाला की लड़कियां असामाजिक तत्वों से अपने आपको असुरक्षित महसुस करती है लिहाजा स्कूल जाने और छुट्टी के समय में पुलिस के जवान कालेज और स्कूल क्षेत्र में नजर आए।

## असामाजिक तत्वों पर हो कार्रवाई



शहर के उद्योगपति समाजसेवी **प्रहलाद राय अग्रवाल** ने नई सरकार से अपेक्षा करते हुए कहा है कि नवापारा शहर में पुलिस की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त हो। बाइक पर तीन सवारी में अंकुश लगे। मालवाहक गाड़ियों में सवारी पर प्रतिबंध लगाना चाहिए और शहर के भीतर बड़े वाहनो की गति नियंत्रण में हो। चौक-चौराहो पर पुलिस के जवान दिखे ताकि अनैतिक काम करने वालों में पुलिस का भय व्याप्त हो।

## जनता से किए वादे करें पूरा



कांग्रेस नेता **रामा यादव** ने छत्तीसगढ़ की नई भाजपा सरकार से कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान जो वायदे प्रदेश की जनता से किया है उसे पूरी ईमानदारी के साथ पूरा करें। नवापारा शहर में सबसे ज्यादा बेतरतीब यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं इस पर नवापारा पुलिस विभाग को मेहनत करने की बहुत जरूरत है। उन्होने नवनिर्वाचित विधायक से कहा कि क्षेत्र की जनता को अपना परिवार मानकर सभी के सुख दुख और क्षेत्र के विकास के साथ ही सबको साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## बस स्टैण्ड पहली प्राथमिकता



शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जिला भाजपा के उपाध्यक्ष **महेश यादव** ने कहा कि राजिम नगर में एक सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द स्वीकृति करवाने की पहल हो , इसके अलावा बहुप्रतीक्षित मांग राजिम को धार्मिक जिले का दर्जा मिले। राजिम में प्रतिवर्ष लगने वाला कुम्भ कल्प की पुनः शुरूआत हो । किसानों को रबी फसल हेतु पानी मिले इसके लिये सार्थक प्रयास हो, साथ ही विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार पर अंकुश हो ऐसी अपेक्षा है ।

# भ्रष्टाचार और धर्मांतरण के कारण हारी कांग्रेस : विमल चोपड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कांग्रेस ने पांच साल भ्रष्टाचार किया और तुष्टिकरण की राजनीति की। बस्तर में धर्मांतरण के कारण तनाव था, कांग्रेस ने इसको बढ़ावा दिया। धर्मांतरण के कारण लोग नाराज थे। कवर्धा और बीरनपुर की घटना के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश बढ़ गया था। कांग्रेस इसे संभाल नहीं पाई। इसके चलते प्रदेश में बदलाव आया। आदिवासी बाहुल्य संभाग बस्तर और सरगुजा सहित समूचे प्रदेश में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त मिली। उक्त बातें पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने गरियाबंद में पत्रकारों से चर्चा में कहीं। उन्होंने आगे कहा कि साजा में सामान्य से व्यक्ति ईश्वर साहू और कवर्धा में विजय शर्मा की जीत दिग्गजों पर जीत कांग्रेस के प्रतिआक्रोश का उदाहरण है।

**कांग्रेस ने लगाया केवल आरोप :** डॉक्टर चोपड़ा ने कहा कि कांग्रेस 5 साल तक केवल भ्रष्टाचार के आरोप लगाती रही, लेकिन भाजपा के खिलाफ एक भी आरोप पत्र दाखिल नहीं किया। उल्टा पांच साल प्रदेश में कोयला, शराब, गोबर, रेत, पीएससी सहित अनेक घोटाले किए। कोयला घोटाला में तो ईडी और आईटी की जांच में भूपेश बघेल की सचिव सौम्या चौरसिया सहित उनके करीबी आज जेल में है। शराब घोटाले की भी जांच चल रही है।

## कांग्रेस की घोषणाओं पर जनता को भरोसा नहीं

श्री चोपड़ा ने कहा कि इस बार प्रदेश की जनता ने कांग्रेस के वादों और घोषणाओं पर भरोसा नहीं जताया। बल्कि मोदी की गारंटी पर अपनी मोहर लगाई। चुनाव में कांग्रेस ने 36 वादे किए थे, वादे अधूरे रहे। न सबका कर्जा माफ हुआ न प्रदेश में शराब बंदी हुई। उल्टा शराब में ही करोड़ों का घोटाला कर दिया। रेत, कोयला और शराब का पैसा अपनी जेब में भरा, दिल्ली पहुंचाया। चोपड़ा ने कहा कि भाजपा शासनकाल में सभी घोटालों को जांच होगी, सभी दोषी जेल जाएंगे।

## लोकसभा में कांग्रेस से चुनाव लड़ने तैयार नहीं होंगे

पूर्व विधायक चोपड़ा ने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्राफ बढ़ गया है। मोदी की गारंटी के कारण ही तीन राज्यों में भाजपा की जीत हुई है। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा छत्तीसगढ़ की पूरी 11 सीट जीतेगी। कांग्रेस की स्थिति तो ये है कि लोकसभा में कांग्रेस रहेगी या नही ये भी तय नहीं। लोग लड़ने तैयार मिलेंगे या नही इसका भी पता नही।

# शासकीय कालेज मैनपुर में अर्धवार्षिक परीक्षा 19 से

**मैनपुर।** शासन के निर्देशानुसार नवीन शासकीय महाविद्यालय में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 19 दिसंबर से ली जाएगी। प्राचार्य डॉ. बी.के. प्रसाद ने छात्र–छात्राओं को निर्देशों का पालन करना अनिवार्य बताते हुए कहा कि महाविद्यालय में प्रवेशित समस्त नियमित छात्र–छात्राओं को अर्द्धवार्षिक परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है।

अनुपस्थित होने पर स्वयं जिम्मेदार होंगे। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का नकल सामग्री, मोबाइल फोन, बैग या पुस्तक आदि लेकर बैठना मना है। निर्धारित समय 11 बजे से पहले उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी को वीक्षक के निर्देशों का पालन करना होगा। परीक्षा प्रभारी प्रो. सनबरसन साहू ने समस्त नियमित छात्र–छात्राओं से परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होने की अपील की है।

# विधायक से यादव समाज और भाजपा महिला मंडल ने की भेंट





**फिंगेश्वर।** भाजपा महिला फिंगेश्वर मंडल एव जिला यादव समाज के लोगो ने विधायक रोहित से मुलाकात की।

भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू से जनसंपर्क का निरंतर मुलाकात कार्यक्रम प्रगति पर है। वे लोगो के बीच इतने अधिक लोकप्रिय हो गये हैं कि पूरे विधान सभा से लोग उनके मुलाकात कर बधाई देने आतुर होकर उनके निवास मे पहुंच रहे हैं।इसी कड़ी मे फिंगे"वर से भाजपा महिला मोर्चा के महिलाओं ने गुलदस्ता भेंट कर उन्हे बधाई दी साथ ही उन्हे जगत प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवकानंद की तस्वीर भेंट की।इस अवसर पर संतोषी श्रीवास्तव,शांति कोसरे,उमा बाई टांडेकर, लक्ष्मी श्रीवास्तव भुवनेश्वरी साहू, वीना निषाद, कृष्णा बया, फीरन धुरव, केशव धुरव बकली वाले लता धुरव, शीतल निषाद, सरिता श्रीवास शामिल थे। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज जिला गरियाबंद के जिला पदाधिकारी गण एवं परिक्षेत्र पदाधिकारी गण जिलासंरक्षक दयाराम यादव, जिलाध्यक्ष भुवन यदु के मार्गदर्शन मे राजिम विधानसभा के नवनियुक्त विधायक रोहित साहू सौजन्य मुलाकात कर फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उन्हे बधाई एवं शुभकामनायें दी। झेरिया यादव समाज के विकास के संबंध मे चर्चा किया गया। भेट मुलाकात मे जिला उपाध्यक्ष श्रवण यादव, कोषाध्यक्ष पुनाराम यादव, जिलाउपाध्यक्ष बलराम ममता यादव, कर्मचारी प्रकोष्ठ टकेश्वर यादव, राजिम परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रेमनारायण यादव, संगठन मंत्री संतोष यादव, जगत यादव, पार्षद युवा प्रकोष्ठ अरविन्द यादव, मिडिया प्रभारी दीनबंधु यादव, विजय यादव, वरिष्ठ सदस्य दानीराम यादव सहित यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

**ग्राम टेंगनाबासा में आयोजित रासेयो के शिविर में दिया योग का प्रशिक्षण**

# नशा मनुष्य के नाश की जड़ है : योगाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

शासकीय कचना धुर्वा महाविद्यालय की ओर से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन ग्राम टेंगनाबासा में किया जा रहा है।

इसमें प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक योग कक्षा लगती है। योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा शिविरार्थियों एवं ग्राम वासियों को योगाभ्यास करा रहे हैं। इस वर्ष शिविर का थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा है । योगाचार्य ने कहा कि नशा नाश की जड़ है , जिससे हमे समाज से नशाखोरी को दूर कर नशा मुक्त समाज का निर्माण है। उन्होंने कहा



कि युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है। अगर युवा ही नशे की गर्त में चले जाएंगे तो देश की तरक्की में बाधा बन जाएंगे।

जो व्यक्ति प्रतिदिन योग करेगा उसे नशा करने की इच्छा नहीं होगी। मन अगर कमजोर होता है तभी नशे की ओर भागता है। योगाभ्यास से मन को नियंत्रित करने के लिए भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, शशकासन, धुवासन, ताड़ासन, कागासन आदि अभ्यास भी कराए।

## शिविरार्थियों ने निकाली रैली, नशामुक्ति का दिया संदेश

योग शिविर के बाद शिविरार्थियों ने पूरे गांव में घूम कर नशा मुक्ति रैली भी निकाली जिसमे नशा नाश की जड़ है भाई इसने ही सब आग लगाई, बीड़ी पीकर खांस रहें हैं मौत के आगे नाच रहें हैं , अद्धी पौवा तोड़ दो नशा से नाता तोड दो, आदि जागरूकता के नारे भी लगाए गए । शिविर में कार्यक्रम अधिकारीडॉ विनित कुमार साहू , प्रभारी प्राचार्य सी एच पटेलडी आर साहू, डॉ सी पी सिकरवार, तारनी साहू ,खगेश कोशले , जीतू दीवान, जयप्रत्युष, संतोष सोरी, नीलकमल, देवकी ध्रुव, दिव्यानी चंद्राकर, ओंकार, पुरुषोत्तम, परमेश्वर, चांदनी एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

